## परशुराम जन्मोत्सव इस बार रहेगा बहुत खास

# 3 दिन तक निकाली जाएगी शोभायात्रा, भजन संध्या आज

**जबलपुर, यशभारत।** विप्रकुल शिरोमणि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव इस बार शहर में अभूतपूर्व आयोजना के मनाने की भव्य तैयारियां की जा रहीं हैं। 22 अप्रैल को बैशाख शुक्ल तृतीय को उनके जन्म की पूर्व संध्या 21 अप्रैल से लेकर 23 अप्रैल तक विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा निकालने की संयोजना आयोजन समितियों ने कर रखी है। इसके लिए हर मोहल्ले में बैठकों का आयोजन कर विप्र बंधुओं से रैली में शामिल होने का न सिर्फ आग्रह किया जा रहा है, अपितु उनकी प्रत्यक्ष सहभागिता के लिए निमंत्रण पत्रिका भी वितरित की जा रहीं हैं। इसके साथ ही गौरीघाट में महाआरती, भंडारे सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

शोभायात्राओं में आकर्षण और एकरूपता के लिए विविध उपाए किए गए हैं। इसके साथ 20 अप्रैल को स्थानीय मानस भवन में 100 विप्रजनों को विप्र विभूषण सम्मान और भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

आयोजन की कड़ी में सबसे पहले जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच के तत्वावधान में रानीताल चौराहे से गढ़ाफाटक, फुहारा, कमानिया होते हुए कोतवाली तक भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। समापन स्थल पर भंडारा प्रसाद का वितरण कर इसका समापन होगा। शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने भगवान परशुराम की जीवंत झांकी भी बनाई जा रही है। एकरूपता के लिए विप्रजनों से स्वेत-पीले एवं महिलाओं से पीले-लाल वस्त्रों में शामिल होने का आग्रह किया गया। गत दिवस भव्य बैठक में इसका सर्वसम्मत निर्णय हुआ। तब से लेकर अब तक करीब 10 बैठकें शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा चुकी हैं।



### 22 को वाहन रैली

मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 22 अप्रैल को विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। इस आयोजन की भी व्यापक तैयारियां की जा रहीं हैं। गढ़ा से प्रारंभ रैली शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए दमोहनाका पहुंचेगी। समापन स्थल पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### रानीताल चौराहा भगवान परशुराम के नाम करने पहल

आयोजन समितियों ने एक मत से गत दिवस यह निर्णय लिया कि शहर का प्रसिद्ध रानीताल चौराहे का नाम भगवान परशुराम के नाम पर किया जाए। इस हेतु गत दिवस मेयर को एक ज्ञापन प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है, कि रानीताल चौराहा जहां से शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है उसका नाम भगवान परशुराम के नाम पर किया जाए।

### 23 को सदर में शोभायात्रा

आयोजना की कड़ी में उपनगरीय क्षेत्र सदर में ब्राह्मण महासभा केंट के तत्वावधान में 23 अप्रैल अक्षय तृतीया पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। सदर काली मंदिर से प्रारंभ यात्रा का डाकघर के पास सुरेंद्र दीक्षित के आवास पर समापन होगा। समापन स्थल पर भंडारा, प्रसाद वितरण एवं विप्रजनों का सम्मान किया जाना तय किया गया है। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने सैंकड़ो वेदपाठी विप्रजनों को आमंत्रित किया गया है ।



## शीघ्र ही हर घर में पाइप से पहुंचेगी एलपीजी

### नोब चालू करते चूल्हा हो जाएगा ऑन

**जबलपुर यशभारत।** प्रधानमंत्री गतिमान योजना के अंतर्गत घर-घर गैस पाइप लाइन बिछाने की योजना के तहत पाइपलाइन डाली जाने लगी हैं जिसके सितंबर तक पूरी होने की संभावना है। इससे अब जबलपुर समेत मध्यप्रदेश के 14 जिलों में अब लोगों को गैस भरवाने के लिए नंबर लगाने की जरूरत नहीं होगी। दरअसल, नागपुर-छिंदवाड़ा-जबलपुर गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट में महाकौशल क्षेत्र में करीब 317 किमी के दायरे में पाइप लाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। सितंबर माह तक काम पूरा होते ही बस नोब चालू करते ही अब घर का गैस चूल्हा ऑन जाएगा। मध्यप्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के तहत घर-घर पाइपलाइन बिछाने की योजना के तहत पहले चरण में महाकौशल और बुंदेलखंड के संभाग को चुना गया है। पहले चरण में प्रदेश के 14 जिलों में घर-घर गैस पाइप लाइन बिछाई जाएगी। गेल इंडिया के डायरेक्टर अखिलेश जैन ने बताया गेल इंडिया के तहत मुंबई से ओडिशा तक 1390 किलोमीटर की गैस पाइपलाइन बिछाई गई है। जिसमें मध्यप्रदेश में पाइपलाइन लाने के लिए नागपुर से कनेक्शन किया गया है। जिसके तहत 317 किलोमीटर की पाइप लाइन मध्यप्रदेश में बिछाई जा चुकी है।उन्होंने बताया कुल 7 हजार 844 करोड़ की लागत से इस योजना को पूरा किया जा रहा है। जिसके तहत तीन तरह की गैस लाइन लाने का काम किया जा रहा है। जिसमें सीएनजी, एलपीजी और पीएनजी गैस पाइपलाइन लाई जाएगी। सीएनजी पाइपलाइन आ जाने से सीएनजी से चलने वाली गाड़ियों की संख्या बढ़ेगी। जिससे न केवल सस्ता ईंधन मिलेगा बल्कि शहरों को प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी।

**सितंबर में काम होगा पूरा, नागपुर से किया गया कनेक्शन**

## पवित्र माहे रमज़ान अंतिम दौर में

## ईद की तैयारियां शुरू

**जबलपुर यशभारत।** मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे ईद के इस्तकबाल की जोरदार तैयारियां शुरू हो गई है। सयाने बुजुर्गो के साथ नौजवानों तथा मासूम बच्चों मे ईद के प्रति भारी उत्साह नज़र आ रहा है। मुस्लिम महिलाएं घर की साफ सफाई व साज सज्जा मे दिन रात मशरूफ है। ईद की सेवाइयों के साथ साथ कपड़े, और भी जरूरतों का खास इंतजाम किया जा रहा है। रात्रिकालीन मीना बाजार मे तरावीह की नमाज़ के बाद से ही खरीददारी करने जनसेलाब पहुँचता है। बच्चो मे ईद का काफी उत्साह रहता है कुर्ता पायजामा हो या फिर जूते सब लाया जा रहा है और ईद की तैयारी की जा रही है।

### कुरेशी परिवार द्वारा अफ़्तार कराया गया-



रमज़ान मुबारक अंतिम दौर मे है और अभी रोज ही अफ़्तार ए आम कराये जा रहे है। इसी कड़ी मे वरिष्ठ समाज सेवी हाजी निज़ामुद्दीन कुरेशी, मुईनुद्दीन कुरेशी द्वारा मरहूम हज्जन कमरुननिसा , अब्दुल अजीज एवं शब्बीर कुरेशी की स्मृति मे रामपुर स्थित कल्याण भवन मे विशाल रोजा अफ़्तार का एहतेमाम किया गया। आयोजन की सरपरस्ती अल्हाज मौलाना कौसर रब्बानी ने फरमाई। अफ़्तारोपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज़ अदा की गई तत्पश्चात रामपुर की मस्जिद मे तरावीह की विशेष नमाज पढ़ाने बाले हाफिज रियाज़ुल हसन साहब का इस्तक़बाल किया गया। रोजा अफ़्तार मे लक्ष्मी केशरवानी, मुन्ना केशरवानी, पार्षद दिनेश तामसेतवार, रघुनाथ यादव, मसरूर वली, हाजी तौसिफ रजा, हाजी अब्दुल रहमान, हाजी असलम पहलवान, हाजी नज़र पहलवान, हाजी हन्नु पहलवान, हाजी मुईन खान, हाजी शकील, मुन्ना भाई, कदीर पहलवान, नदीम खान सहित सेकड़ो लोग उपस्थित रहे। समाजसेवी हाजी निज़ामुद्दीन कुरेशी, मुईनुद्दीन कुरेशी ने अफ्तार मे आये तमाम रोजदारो का शुक्रिया अदा किया

### मदन महल दरगाह में अफ़्तार ए आम आज

मदन महल पहाड़ी पर स्थित सरकार गौसे आज़म की दरगाह मे आज विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम किया गया है। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, शराफत कादरी, इदरीस कादरी, आबिद कादरी, अतहर कादरी, इनायत कादरी, जवाहर कादरी ने रोजदारो से शिरकत की गुजारिश की है



## आर्मी पब्लिक स्कूल में सुरक्षा की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

### आर्यन यादव, प्रतिक्षा और प्रगति सिंह अग्नि ने मारी बाजी

**जबलपुर, यशभारत।** आर्मी पब्लिक स्कूल नं 2, जैक आर आर सी जबलपुर विद्यालय प्रांगण में (एस एफ एसी भारत सरकार रक्षा मंत्रालय) द्वारा निर्देशित अग्नि से सुरक्षा विषय पर पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय के निर्देशन एवं अध्यापिका संजीत कौर के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मकसद विद्यार्थियों को बाल्यकाल से ही अग्नि से सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के वर्ग में आर्यन यादव अष्टम अधुविका गुरुंग द्वितीय पी अरशिता, काव्या तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कम में सांत्वना पुरस्कार के कम में अपनी अष्टम् स, मेघा अष्टम अ ने प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9 से 10 वर्ग में प्रतिक्षा दशम अ प्रथम, अंकिता घोष दशम व सेजल गुरूंग नवम अ ने द्वितीय तथा सुवी द्विवेदी नवम स तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कारों के क्रम में प्रीति कुमारी दशम व जे पांचाल, दीपेश पटेल नवम् स रहे। कक्षा 11 से 12 में प्रगति सिंह द्वादश वाणिज्य संकाय प्रथम, सोनाली, सिमरन द्वादश विज्ञान संकाय द्वितीय, नैनसी, दीपा कुमारी द्वादश वाणिज्य संकाय तृतीय स्थान पर रही। उक्त अवसर पर निर्णायक मण्डल में श्रीमती मनीषा दास एवं श्रीमती संजीत कौर की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने व विद्यार्थियों को प्रेरित करने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

## सीजीएचएस ओपीडी फीस वृद्धि का विरोध

जबलपुर यशभारत ।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन एवं वरिष्ठ नागरिक परिषद कटनी वरिष्ठ नागरिक परिषद तिलहरी बिलहरी जबलपुर वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन रांझी मानेगांव ब्रांच आदि ने ओपीडी परामर्श फीस वृद्धि का विरोध जताते हुए इसे वापिस लेने की मांग की है ।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी का कहना कि सीजीएस लाभार्थियों द्वारा सीजीएचएस से मान्यता प्राप्त प्राइवेट अस्पतालों में ओपीडी की फीस वृद्धि ?135 से बढ़ाकर ?350 कर दी है। इस वृद्धि से पेंशन धारियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा ।एश सदस्यों ने फीस वृद्धि को लेकर नारेबाजी की एवं साथ ही यह घोषणा की कि फीस वृद्धि वापस ना होने पर तीव्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन की प्रति स्थानीय सांसद राकेश सिंह विवेक तंखा एवं श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान आर एस तिवारी डीके सिंह एच एल जागडे एसके श्रीवास्तव अब्दुल रहमान हरि सिंह महेंद्र नामदेव काजल विश्वास आदि उपस्थित थे।

**एडीशनल डायरेक्टर को ज्ञापन वृद्धि वापिस हो**

## आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान छात्रों को पसंद अनुरूप नियुक्ति क्यों नहीं?

### हाई कोर्ट ने पांच दिन में जवाब पेश करने के दिए निर्देश



जबलपुर, यशभारत। हाई कोर्ट ने आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान छात्रों को उनकी पसंद की वरीयता के आधार पर नियुक्ति प्रदान न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ राज्य शासन की ओर से पक्ष रख रहे शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिए कि इस सिलसिले में पांच दिन के भीतर राज्य के जवाब की प्रस्तुति सुनिश्चित कराएं। याचिकाकर्ता जबलपुर निवारसी गरिमा परटेल सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। जिसके बाद हाई कोर्ट ने यह निर्देश दिए।

याचिकाकर्ता और उनके अधिवक्ताओं ने दलील दी कि स्कूल शिक्षा व आदिवसी विभाग ने प्राथमिक शिक्षकों के 20 हजार से अधिक पदों नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं की गई हैं। याचिकाकर्ता ने पात्रता परीक्षा उच्च अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय अनारक्षित वर्ग में 3079 रैंक प्राप्त की। आरक्षित वर्ग में गरिमा ने आरक्षित वर्ग में 399 रैंक हासिल की। याचिकाकर्ता ने पदस्थपना के लिए कटनी जिले के किसी भी स्कूल में वरीयता दी थी। स्कूल शिक्षा विभाग 30 मार्च को नियुक्ति आदेश जारी किए, लेकिन याचिकाकर्ता को उसकी च्वाइस पर पदस्थापना नहीं की। इतना ही नहीं, उसे आदिवासी विभाग में नियुक्ति दे दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि याचिकाकर्ता ओबीसी वर्ग की अभ्यर्थी है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के तहत याचिकाकर्ता को उसकी पसंद के आधार पर ओबीसी वर्ग में जिला कटनी में पदस्थापना दी जाना चाहिए थी। हाई कोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद सख्ती बरती।

**सुबह -शाम जिम्रेजियम में बहा रहीं पसीना**

## खूबसूरती के साथ अपनी सेहत को लेकर भी अलर्ट हैं महिलाएं

**जबलपुर, यशभारत।** महिलाएं अपनी खूबसूरती को लेकर ही केवल सजग नहीं हैं बल्कि अपनी सेहत को लेकर भी वे अलर्ट हो चुकी हैं। उनकी पसंद अब सिर्फ पार्लर ही नहीं, बल्कि जिम भी है। युवतियों व महिलाओं में जिम के प्रति बढ़ते रुझान को देखकर जिम संचालकों ने अब महिला ट्रेनर रखना शुरू कर दिया है। ताकि महिलाओं को कसरत की सही पोजीशन समझने या शारीरिक थकावट या अन्य किसी परेशानी के लिए बातचीत करने या पूछने में किसी तरह का संकोच न हो। जबलपुर के अनेक क्षेत्रों में आधुनिक सुविधायुक्त जिम्नेजियम खुल गए हैं। जहां सुबह शाम युवावर्ग कसरत करते नजर आ रहे हैं। वे सब अपनी सेहत को लेकर फिक्रमंद हैं। जहां महिला वर्ग के लिए विशेष व्यवस्था के साथ महिला कोच भी रखे गए हैं। जो महिलाओं और युवतियों को सही वर्कआउट कराती हैं। एक महिला ट्रेनर ने बताया कि वर्कआउट के समय सबसे अधिक फोकस एक्सरसाइज पोजिशंस पर रखना होता है। गलत पोजिशन से की गई एक्सरसाइज न सिर्फ शरीर को नुकसान पहुंचाती है बल्कि शारीरिक रूप से थकावट व दर्द भी देती है। इसलिए महिलाओं को एक्सरसाइज की पोजीशन पर विशेष ध्यान देना होता है। अधिकांश महिलाओं को वर्कआउट के साथ.साथ घर के अन्य काम भी करने होते हैंण् इसलिए उनके लिए अलग से एक्सरसाइज करानी होती है। इसके साथ ही कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैंए जिन्हें अन्य लोगों के सामने करने में महिलाएं झिझकती हैंए तो उन एक्सरसाइज के सिमिलर एक्सरसाइज कराई जाती हैण् ताकि उन्हें अधिक परेशानी न हो।



जिम में वर्कआउट करने आईं एक युवती ने बताया कि अब जिम में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। जिम में अब महिला ट्रेनर भी होती हैं, जिनके साथ हमें ज्यादा कंफर्टेबल महसूस होता है। कई एक्सरसाइज हमलोग अलग से भी रूम में जाकर कर सकते हैं। जिम वर्कआउट करने आने वाली एक अन्य महिला ने बताया कि महिला ट्रेनर के साथ वर्कआउट करना काफी आसान होता है। क्योंकि उनके साथ हम अपने जिस पार्ट की एक्सरसाइज करनी है उसके बारे में खुलकर बात कर सकते हैं। जिम के संचालकों का कहना है कि आफ्टर कोरोना संक्रमण के भयावह दौर के बाद इम्यून सिस्टम को लेकर महिलाओं का रुझान जिम की तरफ बढ़ा ह जिसको देखकर महिला ट्रेनर रखने शुरू किए थे और आज उसका रिस्पॉन्स काफी अच्छा मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जबलपुर से कोलकाता फ्लाइट के लिए ज्ञापन



**जबलपुरयशभारत।** प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीपांकर बैनर्जी ने बंग समाज को हो रही असुबिधा को देखते हुये नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से मुलाकात की और जबलपुर से कोलकाता फ्लाइट चलाने हेतु ज्ञापन दिया। जिसकी बंग समाज अनेक समय से प्रतीक्षा कर रहा है। इस अवसर पर सौरभ सिकदार्थ एवं अमरांशु मुखर्जी उपस्थित रहे।

### एम एन हालदार होंगे ओएफके के नये जी एम अशोक कुमार एम आई एल कंपनी स्थानांतरित

**जबलपुर यशभारत** ।आयुध निर्माणी खमरिया के नये महाप्रबंधक एम एल हालदार होंगे ।इस आशय का आदेश गत 18अप्रैल को म्युनिशन इंडिया लिमिटेड मुख्यालय से जारी कर दिया गया है ।पूर्व में खमरिया में पदस्थ रहे एम एल हालदार वर्तमान में आयुध निर्माणी नालंदा में पदस्थ हैं ।अशोक कुमार को एम आई एल कंपनी मुख्यालय में पदस्थ किया गया है ।इसके साथ खमरिया के अजय कुमार सिंह जो जी एम इंटरनल आडिट को आयुध निर्माणी वरनगांव महाप्रबंधक के पद पर स्थानांतरित किया गया है ।साथ ही आयुध निर्माणी प्रशिक्षण संस्थान के महाप्रबंधक ज्ञानेश्वर त्यागी को महाप्रबंधक एच ई पी एफ के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# मुरई में नया सब स्टेशन, दो लाइनों से मिलेगी सप्लाई

### घरों में 24 घंटे जहां बिजली रहेगी

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के समीप कटंगी के दस गांवों को अब डबल सप्लाई मिल सकेगी। यदि एक सप्लाई बाधित हुई, तो तत्काल दूसरे सब स्टेशन से सप्लाई शुरू हो जाएगी। इतना ही नहीं घरों में 24 घंटे जहां बिजली रहेगी, वहीं किसानों को भी सिंचाई के लिए बेहतर बिजली मिल पाएगी। यह होगा कटंगी के मुरई में बन रहे नए सब स्टेशन से। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के संचारण एवं संधारण वृत्त द्वारा यहां सब स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। केंद्र सरकार की आरआरआरडीएसएस (रीवेम्प्ड रीफार्म लिंक्ड रिजल्ट बेस्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) योजना के तहत उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मुहैया कराने यह कवायद की जा रही है। अब तक कटंगी के बोरिया में विद्युत सब स्टेशन था। जहां से ग्राम बोरिया, गिदौला, मुरई, गनियारी, कोसमी, इमलिया, सुरैया, नरेन्द्रपुर, पटेरा आदि गांवों को बिजली की सप्लाई की जाती थी। ऐसे में यदि सब स्टेशन में फॉल्ट आ जाए, तो सभी गांवों में अंधकार छा जाता था। वहीं किसानों को सिंचाई के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था।



### डेढ़ करोड़ रुपये आएगी लागत

इस परेशानी को देखते हुए वितरण कम्पनी के संचारण एवं संधारण वृत्त द्वारा मुरई में पांच एमवीए का सब स्टेशन बनाए जाने का प्लान तैयार किया गया। (रीवेम्प्ड रीफार्म लिंक्ड रिजल्ट बेस्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत इसे हरी झंडी भी मिल गई। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से इस सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा, जो अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा। इससे उक्त गांवों को डबल सप्लाई का विकल्प मिल जाएगा।

अधीक्षण अभियंता, संचारण एवं संधारण वृत्त नीरज कुचया ने बताया कि कटंगी के मुरई में पांच एमवीए का नया सब स्टेशन बनाया जाना है। इसकी सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। तीन माह के भीतर यह सब स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा। इससे कई गांवो के हजारों उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सकेगी।

## तीन माह में पेश करें मीटरीकरण व इनर्जी आडिट का एक्शन प्लान

मप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत कंपनियों को तीन माह में मीटरीकरण व इनर्जी आडिट का एक्शन प्लान पेश करने के सख्त निर्देश दिए हैं। आयोग ने राज्य में बिजली कनेक्शंस के मीटरीकरण की कार्रवाई को असंतोषजनक पाया है। साथ ही इसमें तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया है। साफ किया है कि केवल मीटर लगाना ही बिजली चोरी पर नियंत्रण का ठोस उपाय नहीं है। आयोग के अनुसार इनर्जी एफीसिएंसी रेग्युलेशन 2021 के तहत ऊर्जा आडिट होना अनिवार्य है, लेकिन वितरण कंपनियों ने इनर्जी आडिट नहीं किया है। वितरण कंपनियों ने न तो मीटरीकरण न ही इनर्जी आडिट का एक्शन प्लान प्रस्तुत किया है। अतः इस आदेश के जारी होने के तीन माह के भीतर एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाए। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से पूर्व क्षेत्र कंपनी के संचालक को पत्र भेजकर धीमी कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। इस कंपनी द्वारा आयोग को प्रस्तुत जानकारी के अनुसार केवल 55 हजार मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया, जबकि 31 मार्च 2022 के स्थिति में तीन लाख 11 हजार 457 घरेलू (लाईट तथा फैन) कनेक्शन बिगर मीटर के थे।

## गर्मी में लें पक्षियों की सुध

### मिट्टी के सकोरे में पानी और खाने के लिए दाने की व्यवस्था जरूर करें



**जबलपुर, यशभारत।** ग्रीष्म ऋतु चल रही है। इस समय अधिक गर्मी पड़ने के कारण पशु पक्षी पानी ना मिलने से परेशान होते हैं वह मूक प्राणी है मगर ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में दाना पानी की सभी को जरूरत होती है अपनी अपनी जरूरत के हिसाब से, श्री दोसर वैश्य शाखा सभा जबलपुर के समस्त पधाधिकारी, महिला मण्डल एवं समस्त सामाजिक बंधु आप सबसे आग्रह करते है की सभी जनमानस अपनी अपनी छत पर पक्षियों के लिए छांव में मिट्टी के सकोरे में पानी और खाने के लिए दाने की व्यवस्था जरूर करें और हो सके तो घर के बाहर एक बड़े मिट्टी के पात्र में पानी की व्यवस्था करें जिससे मूक प्राणी अपनी प्यास बुझा सके जानवरों को भी प्यास बुझाने के लिए पानी मिल सके ।

# परमहंसीगंगा आश्रम, झोतेश्वर में जलाभिषेक महोत्सव 22 से



**जबलपुर, यशभारत।** अक्षत तृतीया के परम पावन अवसर पर परमहंसीगंगा आश्रम, झोतेश्वर में भारत की पवित्र नदियों गंगा, जमुना, सरस्वती, गोदावरी, सिंधु, काबेरी नर्मदा जी के पावन जल से ब्रह्मलीन जगद्गुरु महाराज जी की समाधि स्थल पर जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 22 अप्रैल शनिवार परशुराम जयंती के पावन पर्व पर ब्राह्मण समाज द्वारा समाधि स्थल पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 23 अप्रैल 2023 दिन रविवार प्रातः 09 बजे से ज्योतिरीश्वर महादेव (झौंत) से सात पवित्र नदियों के जल की कलश यात्रा (कलश यात्रा में क्षेत्रीय संगीत, रामधुन, भगतों, आध्यात्मिक उत्थान मंडल द्वारा भजन ) निकाली जाएगी। बनारस से पधारे चारों वेद के विद्वान पंडितों द्वारा जलाभिषेक कार्यक्रम होंगे। दोपहर 01 बजे से लोधेश्वर मंदिर प्रांगण में भंडारा कार्यक्रम आयोजित है। सायं 04 बजे से द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी के आशीर्वचन होंगे।

# उड़ीसा से गिरफ्तार कर गांजा तस्कर महिला को जबलपुर ले आई जीआरपी



## काफी समय से जबलपुर में सप्लाई कर रही थी गांजा

**जबलपुर यश भारत।** उड़ीसा की रहने वाली 31 वर्षीय एक गांजा तस्कर महिला को गिरफ्तार करने में जीआरपी को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी इस कार्यवाही से बड़ी सफलता हाथ लगी है। उक्त कार्रवाई नवागत पुलिस अधीक्षक रेल शिमाला प्रसाद एवं डीएसपी रविंद्र गौतम के नेतृत्व में थाना प्रभारी शशि धुर्वे द्वारा एस आई एल पी कश्यप एएसआई सुशील सिंह एवं प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा द्वारा की गई। इस संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा के हाई स्कूल वाड़ा टिकतागढ की रहने वाली 31 वर्षीय महिला काफी दिनों से जबलपुर में गांजा तस्करी का काम करते थी उक्त भनक जबलपुर जीआरपी कौन लगते हैं टीम उड़ीसा स्थित महिला के ठिकाने पर पहुंची जहां से उसे गिरफ्तार कर जबलपुर जीआरपी थाने लाया गया जीआरपी ने बताया कि गिरफ्तार हुई महिला से गांजा तस्करी के संबंध में अन्य मामले भी खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है जीआरपी ने बताया कि जबलपुर से राजा सोनकर नामक व्यक्ति महिला के खाते में गांजा सप्लाई की रकम देता था जिसके बाद महिला वहां से सुनियोजित ढंग से जबलपुर गांजा सप्लाई करती थी जीआरपी द्वारा महिला के विरुद्ध प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत उसे सत्र न्यायालय में पेश किया गया।

# अक्षय तृतीया के समान विशेष फल दायीं कोई तिथि नहीं होती

## इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को प्रात: 8 बजकर 1 मिनिट से होगी प्रारम्भ






**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय सनातन संस्कृति में पर्व व्रत -त्योहारों का एक विशेष और अलग ही महत्व होता है । अक्षय तृतीया का महत्व बेहद विशेष इसके नाम से ही स्पष्ट होता है अक्षय जिसका कभी भी क्षय ना हो। ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजकर 1 मिनिट से प्रारम्भ होकर अगले दिन 8 बजकर 6 मिनिट तक रहेगी ग्रहों की गणना से देखा जाए तो भगवान सूर्य ग्रहों के राजा और चंद्रमा जिन्हें राज माता कहा जाता है दोनों ही अपनी उच्च राशि पर है साथ ही साथ देव गुरु वृहस्पति का राशि परिवर्तन मीन से मेष राशि में होने जा रहा है जिनका फल अलग अलग राशि और लग्न वालों के लिए उनके ग्रह गोचर के अनुसार रहेगा

न माधव स मों मासों न कृ ते न युग समम न चं वेद सम्म शास्त्र न तीर्थ गंगा या समम यानी वैशाख के समान कोई दूसरा मास नहीं है सतयुग के समान कोई युग नहीं है वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और माँ गंगा के जैसा कोई तीर्थ नहीं उसी प्रकार अक्षय तृतीया के समान विशेष फल दायीं कोई तिथि नहीं होतीअक्षय तृतीया का मुहूर्त स्वय सिद्ध मुहुर्त सभी शुभ कार्यो के लिए माना जाता है

अक्षय तृतीया के दिन किए गए दान जाप पूजा पाठ का फल निश्चित ही कई गुना मानव को मिलता है दान को ऊर्जा के रूपांतरण से जोड़ कर देखा जाता है दुर्भाग्य को सोभाग्य मे परिवर्तित करने के लिए अक्षय तृतीया सर्व श्रेष्ठ तिथि शास्त्रों में वर्णित है गौ भूमि स्वर्ण तिल धान्य गुड़ चांदी घि वस्त्र नमक शहद और कन्या ईन बारह दान का विशेष महत्व होता है जो व्यक्ति जिस वस्तु की अभिलाषा कर्ता हो यदि उसे बिना मांगे वो दे दी जाए तो पूर्ण पुण्य प्राप्ति होती है कन्या दान सभी दान मे सर्व श्रेष्ठ होता है इसलिए अक्षय तृतीया के दिन कन्या विवाह किया जाता है । भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्री परशुरामजी का प्राकट्य उत्सव भी इसी तिथि में रहता है। पवित्र नदियों में स्नान के बाद योग्य ब्राह्मण को सत्तू जल मटका स्वर्ण भूमि पंखा और उत्तम वस्त्रों का दान करने से अनंत कोटि गुना फल प्राप्त होता है और सुख समृद्धि सोभाग्य बढ़ोत्तरी होती है।

# श्रीधाम एक्सप्रेस में महिला का छूट गया था नोटों से भरा बैग

## स्टेशन अधिकारियों ने किया महिला के सुपुर्द



**जबलपुर यशभारत।** नई दिल्ली से जबलपुर का सफर श्रीधाम एक्सप्रेस में करते हुए मदन महल में उतरकर एक महिला यात्री जब अपने घर पहुंची तो उसे याद आया कि उसका पर्स तो ट्रेन की बर्थ पर ही छूट गया है । नोटो से भरा पर्स छुटने की घटना से महिला यात्री प्रतिभा अग्रवाल परेशान हो उठी और दोपहर की तेज धूप में भागते हुए जबलपुर स्टेशन पहुंची इस दौरान ट्रेन नंबर 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस जबलपुर स्टेशन पर यात्रियों को उतारने के उपरांत यार्ड में सफाई के लिए पहुंच गई थी। महिला द्वारा अपनी समस्या जब स्टेशन डायरेक्टर मृत्युंजय कुमार , स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जयसवाल एवं उप स्टेशन अधीक्षक आशीष चड्डा को बताया तो इन अधिकारियों ने महिला को कार्यालय में बैठाकर तेज धूप में दूर यार्ड में पहुंचकर महिला के कोच वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी यान की बर्थ नंबर 17 में जाकर देखा तो वहां पर बर्थ के नीचे महिला का पर्स पड़ा हुआ था। उक्त पर्स को लाकर रेलवे अधिकारियों ने महिला को जब बताया तो महिला खुशी से झूम उठी तथा रेल प्रशासन को धन्यवाद देने लगी । पर्स की जांच करने पर उसमें राशि 7 हज़ार रूपये नगद तथा महिला का आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज एवं कुछ गहने भी रखे हुए थे उन सब को महिला ने सही सलामत पाकर रेलवे के इस सहयोगी कार्य की खूब सराहना की और सभी अधिकारियों को बधाई दी।

# पुरानी बसों से तैयार रैन बसेरा, चेंजिंग रूम का उदघाटन करेंगे मुख्यमंत्री

**जबलपुर, यशभारत।** आज जबलपुर में आयोजित महासम्मेलन कार्यक्रम में पधार रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निगमायुक्त स्वप्निल वानखडे द्वारा नवाचार के रूप में पुरानी बसों से तैयार रैन बसेरा, चेंजिंग रूम,थैला बैंक, बर्तन बैंक आदि का करेंगे उदघाटन। इसके लिए आज आई.एस.बी.टी. बस स्टैंड में पुरानी बसों के साथ रैन बसेरा एवं चेंजिंग रूम के लिए चल रहे कार्यो का निरीक्षण निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने पुरानी हो चुकी बसों को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन बसों का नवाचार करते हुए इन्हें किसी ना किसी रूप में उपयोग किया जाये। इसके अलावा रैन बसेरा और बनाए जा रहे चेंजिंग रूम के निर्माण कार्यो को भी उन्होंने देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# खरपतवार अनुसंधान निदेषालय द्वारा 35वें स्थापना दिवस 22 को , होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् - खरपतवार अनुसंधान निदेषालय जबलपुर 22 अप्रैल, 2023 को अपना 35वॉ स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। निदेशालय के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यकक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी.तिवारी, कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. ए.के. पाण्डे, कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, डॉ पी.के. मिश्र, कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, डॉ ए.के. मिश्र, कुलपति मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर, प्रो. आर.सी. मिश्र, कुलपति, महाकोशल विश्वविद्यालय, जबलपुर, डॉ. राजबीर सिंह, सहायक महानिदेशक, (सस्य विज्ञान, कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली एवं डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेषक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर उपस्थित हो कर कार्यक्रम की शोभा बढायेगें। इस अवसर पर स्थापना दिवस व्याख्यान डॉ. विलास ए. टोनापी, पूर्व निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।स्थापना दिवस के अवसर पर वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान के वैज्ञानिक/ तकनीकी /प्रशासनिक एवं कुशल सहायी अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा संस्थान के वे सदस्य, जिन्होंने परिषद को 25 वर्षो से अधिक की महत्वपूर्ण सेवायें प्रदान की हैं उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। साथ ही साथ आधुनिक कृषि एवं समन्वित खरपतवार प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 08 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जायेगा।

# कृषि उपज मंडी जबलपुर के कार्यालय में जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक

## मंडी से संबंधित किसानों की समस्यायों पर गहन विचार विमर्श एवम महत्वपूर्ण निर्णय



**जबलपुर, यशभारत।** जिले के कलेक्टर श्री सौरव कुमार सुमन के निर्देश पर कृषि उपज मंडी जबलपुर के कार्यालय में मंडी सचिव मनोज चोकीकर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जबलपुर जिले के कृषक प्रतिनिधि गणों, सिहोरा,पाटन, शहपुरा के मंडी सचिवों,अधिकारियों, एवम व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। किसान भाईयों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर तैयार किए गए 25 सूत्रीय मांग/सुझाव ज्ञापन एवम उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत समस्यायों, सुझावों पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा हुई, तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंडी सचिव ने मंडी अधिनियम की धारा 36(3) में उल्लेखित.. मंडी प्रांगण में किसानो की उपज की बोली समर्थन मूल्य से कम में प्रारंभ न होज्र को लागू कराने हेतु प्रथम चरण में परिसर में अधिनियम की धारा के बोर्ड लगाने एवम किसानो की सहमति पर बोली प्रारंभ कराने पर सहमति जताते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया। ट्रालियों की धर्म कांटा से सीधी तुलाई में व्यापारियों द्वारा 2 किलो की कटौती तथा अतिरिक्त पल्लेदारी लिए जाने की समस्या पर व्यापारियों का पक्ष सुनने के बाद किसानो की सहमति पर प्रति कुंतल आधा किलो की कटौती, तथा धर्म कांटा की तुलाई का व्यय व्यापारियों द्वारा वहन किए जाने की सहमति पर तदानुसार निर्णय लिया गया। बैठक में मंडी में एफ ए क्यू मानक विवरण के बोर्ड लगाने, रोज के भाव का डिजिटल डिस्प्ले करने, पल्लेदारी की दरें, व्यापारियों के पते एवम मोबाइल नंबर के बोर्ड लगाने, उपज की एफ ए क्यू की जांच की सुविधा, पूंछ तांछ, एवम समस्या निवारण सेल, परामर्श काउंटर की स्थापना का निर्णय लिया गया। मंडी में मूलभूत सुविधाएं जैसे पेय जल हेतु प्रत्येक शेड में वेंडर मशीन, यूरिनल, साफ सफाई, शेडो में अतिरिक्त बेचें, एवम पंखा लगाने, अतिरिक्त सी सी टी वी कैमरे लगाने के साथ ही, सुगमता एवम गति से तुलाई हेतु अतिरिक्त पल्लेदारों की भर्ती, चोरिया रोकने अतिरिक्त गार्डों, चौकीदारों की नियुक्ति, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, किसान विश्राम गृह की मरम्मत के कार्य का निर्णय लिया गया। एक सलाहकार समिति के गठन तथा प्रत्येक 2 माह में किसानो व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकों के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पाटन मंडी सचिव श्री सुनील पांडे, सिहोरा मंडी सचिव श्रीमती सविता धुर्वे, भारत कृषक समाज के के के अग्रवाल, रूपेंद्र पटेल, डॉ ब्रजेश अरजरिया, सुभाष चंद्रा, रामकिसन पटेल,आनंद पटेल, संजय जैन, किसान सेवा सेना से अशोक साहू, जितेंद्र देसी, डॉ आर एम पटेल, महेंद्र कुर्मी, रामदीन पटेल, सुरेश कुर्मी, डी एल पटेल, आत्मानंद दुबे, भारत पटेल, रामेश्वर अवस्थी तथा व्यापारी संघ से दीपक नागोरिया एवम रितेश अग्रवाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# ऑर्किड्स द इंटरनेशनल जबलपुर में खेल रहा पहला स्कूल

**जबलपुर, यशभारत।** भारत में अग्रणीच-12 स्कूल श्रृंखला ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने भेड़ाघाट रोड, गढ़ा, जबलपुर में अपना पहला स्कूल खोलने की घोषणा की है। लॉन्च कार्यक्रम होटल नर्मदा जैकसन, जबलपुर में आयोजित किया गया था। जहां कार्यक्रम के दौरान स्कूल मॉडल और पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला गया। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, प्रिंसिपल, सुश्री दीपाली तिवारी जबलपुर ने कहा च्जबलपुर में ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना शहर में एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की शुरुआत का प्रतीक है। ज्ञान गंगा ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के रूप में जाना जाने वाला यह स्कूल लगभग 125000 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में बनाया गया है। इसमें छात्रों के लिए डिजिटल क्लासरूम, प्लेस्टेशन, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक, डांस, लैब्स (कंप्यूटर, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी) सहित कई अन्य सुविधाएं हैं।स्कूल में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक की कक्षाएं हैं और यह सीबीएसई से संबद्ध है। स्कूल में अनुभव आधारित शिक्षा, स्ज्ञश्वरूऔर मल्टीपल इंटेलिजेंस पेडागॉजी की शिक्षा पर फोकस किया जाएगा। जिसमें प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा और शारीरिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्कूल जरूरतमंद छात्रों को विशेष रूप से उनके लिए डिजाइन किए गए विशेषज्ञों और कार्यक्रमों की सहायता से विशेष शिक्षा भी प्रदान करेगा।




# मास्टर ब्लास्टर ने 64 रनों से शानदार मैच जीता

## 24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में 24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के उदघाटन मैच में मास्टर ब्लास्टर ज्योति नगर गढ़ा की टीम ने वेस्टलैंड क्लब सीनियर की टीम को 64 रनों से हराकर प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज की। निर्धारित दस ओवरों के मैच में मास्टर ब्लास्टर की टीम ने पहले बल्लेबाजी की , और 126 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमे मास्टर ब्लास्टर की ओर से पवन राजपूत ने 87 रन, दीपक के 28, ताइबू के 18 रन शामिल रहे, वहीं गेंदबाजी में मास्टर ब्लास्टर की ओर से कप्तान विक्की , विवेक दुबे पत्रकार ने दो विकेट, नीलेश जायसवाल ने 3, सोनू बडगइयां ने 2 विकेट लिए। 127 रनों का पीछा करने उतरी वेस्टलैंड खमरिया की टीम निर्धारित दस ओवरों में 62 रन ही बना सकी और मैच हार गई। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए पवन राजपूत को मैन ऑफ द मैच के पुरुस्कार से नवाजा गया। मैच के शुभारंभ में मुख्य अतिथि ओ एफ के के महाप्रबंधक अशोक कुमार, विशिष्ट अतिथि विकास पुरवार उपस्थित रहे जिनका लेबर यूनियन के सदस्यों ने स्वागत किया।


## नाम सुधार सूचना

मैं स्वपन कुमार विश्वास EX-HAV 14563093 N, वर्तमान निवासी म.नं. G-104, रामेश्वरम् कालोनी, पोस्ट ऑफिस विजयनगर, जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि (1) मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अंग्रेजी में ARCHNA BISWAS दर्ज है जो गलत है। सही नाम ARCHANA BISWAS है। प्रमाण हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, दसवीं की मार्कशीट, एडमिट कार्ड की प्रतिलिपियां शपथ पत्र के साथ संलग्न है (2) यह कि- जहां-जहां मेरी पत्नी का नाम ARCHNA BISWAS दर्ज है, उसे विलोपित कर ARCHANA BISWAS दर्ज किया जाये।

पूर्व नाम-ARCHNA BISWAS
सुधार नाम- ARCHANA BISWAS

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

निविदा सूचना

कायाकल्प अभियान अंतर्गत केन्द्रीय प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारो /मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित सड़को के कार्य के लिये ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO - 46 19/04/2023 | ग्रुप "स" अंतर्गत सं.क्र.-10 में 11 सड़को का डामर से नवीनीकरण कार्य। | 02 माह 84.72 | 10000 63540 | 04/05/2023 |

नोट :- निविदा से सबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

( भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/16/2023 )

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| S.No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1. | 38231844 | HANDLE FOR CENTRE BRAKE RIGGING | 5200 Nos. |
| 2. | 10234801 | Overhauling kit | 6 Nos. |
| 3. | 10222451B | Fuel booster pump | 11 Nos. |
| 4. | 61232560A | SOLID MIG/MAG WELDING FILLER WIRE | 21653KG |
| 5. | 30221134C | BODY SIDE DOOR LOCK ASSLY | 134 Nos. |
| 6. | 30221723B | CENTERING DISC FOR LHB COACHES | 73 Nos. |
| 7. | 30231792 | Bracket for Mounting | 1512 Nos. |

उपरोक्त सभी निविदाओं (क्रम संख्या-1-7 तक) की Due Date 15.05.2023

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

वैक्सीन लगवाएं, जीवन के सफर को सुरक्षित बनायें।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट

ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डो में जल जीवन मिशन योजना के कार्यो की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) मे एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेंगी ।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-टेण्रिग पद्धति कमांक | निविदा कमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) | धरोहर राशि राशि (अर्नेस्ट मनी) रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र कय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 2023_PHED_268130_1 | 13/17.04.2023 | 370.49 | 370490/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |
| 2023_PHED_268134_1 | 14/17.04.2023 | 410.88 | 410880/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268141_1 | 15/17.04.2023 | 403.13 | 403130/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268142_1 | 16/17.04.2023 | 461.81 | 461810/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268143_1 | 17/17.04.2023 | 440.87 | 440870/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268144_1 | 18/17.04.2023 | 413.64 | 413640/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268145_1 | 19/17.04.2023 | 424.49 | 424490/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268146_1 | 20/17.04.2023 | 329.30 | 329300/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268147_1 | 21/17.04.2023 | 405.24 | 405240/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268173_1 | 22/17.04.2023 | 335.44 | 335440/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268174_1 | 23/17.04.2023 | 362.87 | 362870/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268176_1 | 24/17.04.2023 | 310.05 | 310050/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268178_1 | 25/17.04.2023 | 377.58 | 377580/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268180_1 | 26/17.04.2023 | 393.66 | 393660/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268182_1 | 27/17.04.2023 | 433.95 | 433950/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268183_1 | 28/17.04.2023 | 348.20 | 348200/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268185_1 | 29/17.04.2023 | 200.89 | 200890/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268186_1 | 30/17.04.2023 | 385.44 | 385440/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268187_1 | 31/17.04.2023 | 311.73 | 311730/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268188_1 | 32/17.04.2023 | 378.81 | 378810/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268189_1 | 33/17.04.2023 | 303.74 | 303740/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268192_1 | 34/17.04.2023 | 337.11 | 337110/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268193_1 | 35/17.04.2023 | 389.98 | 389980/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268195_1 | 36/17.04.2023 | 333.18 | 333180/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268197_1 | 37/17.04.2023 | 460.00 | 460000/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268199_1 | 38/17.04.2023 | 380.14 | 380140/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268200_1 | 39/17.04.2023 | 429.23 | 429230/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268201_1 | 40/17.04.2023 | 391.87 | 391870/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268202_1 | 41/17.04.2023 | 360.96 | 360960/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268203_1 | 42/17.04.2023 | 437.76 | 437760/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268205_1 | 43/17.04.2023 | 372.27 | 372270/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268206_1 | 44/17.04.2023 | 259.92 | 259920/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |
| 2023_PHED_268207_1 | 45/17.04.2023 | 222.92 | 222920/- | 15000/- | 9 माह | 28.04.2023 | 02.05.2023 | |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

नोट :-

1- सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें ।

2- " निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा । यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें "

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क केडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही कय किये जा सकतें है ।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट (म.प्र.)
(07632-241131)

जी-11694/23 दो पाहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें,

# कलेक्टर ने किया उपार्जन केन्द्रों व अमृत सरोवर का निरीक्षण




**नरसिंहपुर यशभारत। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को जिले की गोटेगांव तहसील के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम बेलखेड़ी शेढ़, सूरवारी, बगासपुर, श्रीनगर, बरखेड़ा, अतरिया व पिंडरई का भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूं और चना, मसूर की खरीदी के लिए बनाये गये उपार्जन केन्द्रों व अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।**

ग्राम बेलखेडी शेढ़ में कलेक्टर ने अमृत सरोवर एवं ओव्हर हेड टैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर का कार्य एक माह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में जल कर व्यवस्थित रूप से जमा किया जाये। वॉल्व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग करवाई जाये। उन्होंने यहां ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गौशाला का संचालन ठीक तरह से नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने स्वसहायता समूह को हटाने के निर्देश दिये।

ग्राम सूरवारी में कलेक्टर ने रोड रेस्टोरेशन एवं घरों में नल कनेक्शन कार्यों की जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया गया कि ग्राम के 475 घरों में नल कनेक्शन हैं। सुश्री बाफना ने रोड रेस्टोरेशन के काम बारिश के पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने यहां वेयर हाऊस में बनाये गये उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं एवं चना उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि तौल ठीक से हो, एफएक्यू गुणवत्ता का ही गेहूं, चना लिया जावे, नॉन एफएक्यू की खरीदी नहीं की जाये। खरीदी निर्धारित समय पर ही हो। किसानों की अधिक संख्या को देखते हुए उन्होंने डीएमओ को क्वालिटी सर्वेयर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बगासपुर एवं श्रीनगर के वेयर हाऊस में बनाये गये उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थायें देखी। श्रीनगर में आजीविका मिशन के ग्राम संगठन समूह द्वारा खरीदी का कार्य किया जा रहा है। इस बारे में उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों को फसल विक्रय करने में कोई परेशानी नहीं हो। फसल विक्रय का भुगतान समय पर हो। खरीदी के पश्चात मौसम को देखते हुए उपज बाहर खुले में नहीं रखी हो। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था हो। कलेक्टर सुश्री बाफना ने उपार्जन केन्द्रों पर तौल- कांटों के चालू अवस्था में होने, बारदानों में रखी उपज में व्यवस्थत रूप से टैग लगे होने, फसल में नमी की मात्रा चैक करने वाले यंत्र को भी देखा। ग्राम अतरिया में बनाये गये अमन वेयर हाऊस में खरीदी संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई थी। इसमें नॉन एफएक्यू उपज खरीदने की जानकारी प्राप्त हुई। कलेक्टर सुश्री बाफना ने पूर्व में खरीदी के सैम्पल की जांच करने के निर्देश अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को दिये। जांच उपरांत एफएक्यू युक्त फसल खरीदे जाने की सत्यता होने पर ही यहां खरीदी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री बाफना ने दिये।

# आरक्षक आशीष ने दिया मानवता का परिचय



नरसिंहपुर यशभारत। आज की इस भागमभाग भरी जिंदगी में कोई किसी की मदद करने के लिए आगे नही आता, भाई-भाई की मदद करने में पीछे हटता है। इन सब के परे जिला चिकित्सालय की पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक आशीष सेन ने मानवता का परिचय देते हुए एक व्यक्ति जो कि ट्रेन में सफर कर रहा था गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। युवक न तो अपना पता बता पा रहा था और न ही कुछ बोल पा रहा था, उसके जेब में मिली एक सिम के माध्यम से आशीष ने उसके परिजनों तक उक्त युवक की ट्रेन से गिरने की सूचना दी। युवक जो कि गंभीर रूप से घायल है वह न तो चल पा रहा है और न ही हिल पा रहा है ऐसे में आशीष ने उसकी सेवा करने का जुम्मा उठाया, आशीष उस युवक के लिए जबावदारी और समय पर जूस, पानी ले जा रहे है और उसे पिला रहे है। आशीष उस घायल व्यक्ति का एक परिवार की तरह देखरख कर रहे है। पूर्व में भी कई व्यक्तियों की मदद आशीष द्वारा की जा चुकी है।

# साांईखेड़ा की 2 अवैध कॉलोनियों में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध

नरसिंहपुर यशभारत। तहसील सांईखेड़ा में 2 अवैध कॉलोनियों में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के आदेश न्यायालय अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने जारी किये हैं। ये आदेश मध्यप्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 और मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के तहत पारित किये गये हैं। इस संबंध में न्यायालय अपर कलेक्टर नरसिंहपुर द्वारा 2 अवैध कॉलोनी के कॉलोनाईजरों के विरूद्ध प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये गये हैं। साथ ही अपर कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखड़ा को आदेशित किया है कि वे उक्त अवैध कालोनी के कॉलोनाईजरों के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करायें। उक्त प्रकरणों की कार्रवाई अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा के प्रतिवेदन के आधार पर प्रारंभ की गई थी। इस सिलसिले में सांईखेड़ा तहसील की जिन अवैध कॉलोनियों में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध के लिए आदेश जारी किये गये हैं, उनमें कॉलोनाईजर सलामत खान पिता शहादत खान, वरकत खान पिता शहादत खान, नवाब खान पिता शहादत खान एवं शहादत खान पिता दंगे खान सभी निवासी सांईखेड़ा तहसील सांईखेड़ा की मौजा सांईखेड़ा न.ब. 434 ह.नं. 09 तहसील सांईखेड़ा स्थित ख.नं. 465/ 7/1/1/ 1 के रकबा 0.094 हेक्टर, ख.नं. 465/7/1/ 4 के रकबा 0.087 हेक्टर, ख.नं 465/ 7/1/2 के रकबा 0.101 हेक्टर, ख.नं. 465/7/1/ 3 के रकबा 0.101 हेक्टर के शेष रकबे और पीयूष उर्फ अनुराग पिता रामेश्वर दयाल चौकसे निवासी सांईखेड़ा तहसील सांईखेड़ा की मौजा सांईखेड़ा न.ब. 434 ह.नं. 09 तहसील सांईखेड़ा स्थित ख.नं.195/1/1/ 1/1/1/ 1/1 के 1.604 हेक्टर के शेष रकबे पर बनाई गई अवैध कॉलोनियों के नाम शामिल हैं। उक्त भूमि पर संबंधित कॉलोनाईजरों द्वारा छोटे-छोटे प्लाट का विक्रय कर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था।जिला विकास एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक का आयोजन लोकसभा सांसद राव उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 24 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया जायेगा। बैठक में पीएम स्वामित्व योजना, ई उपार्जन 2023 के अंतर्गत रबी फसल चना, मसूर, गेहूं खरीदी व मूंग उपार्जन की तैयारी, मनरेगा के तहत सुदूर सड़क योजना के नवीन एवं पूर्व प्रस्तावित मार्गों की स्वीकृति व वर्तमान स्थिति, केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आरडीएसएस विद्युत योजना आदि की समीक्षा की जायेगी।

## गांव-गांव पहुंच रहा प्रचार रथ

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर केन्द्रित प्रचार रथ जिले में चलाया जा रहा है। प्रचार रथ गांव- गांव पहुंच रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में जिले में प्रचार रथ द्वारा शासन की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर जिलावासियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।

# लू से बचने के लिये लोग सावधानी बरतें

**नरसिंहपुर यशभारत।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लोगों को सलाह दी गई है कि तेज गर्मी के मौसम में लोग लू से बचने के लिये सावधानी बरतें। लोगों को लू से बचने के उपाय बताये गये। लोगों को बताया गया है कि अत्याधिक गर्मी में लू तापाघात की आशंका बढ़ जाती है। यह जानलेवा भी हो सकती है। लोग दोपहर 12 से 3 बजे के बीच जहां तक हो सके घर से बाहर नहीं निकलें। अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर सफेद या हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनकर निकलें। साथ ही गर्दन के पिछले भाग में कान और सिर को गमछा या तौलिया से ढककर ही धूप में निकलें। टोपी और रंगीन चश्मे का उपयोग करें। पानी खूब पियें और एल्कोहलयुक्त शीतल पेय नहीं पियें। धूप में खड़े होकर व्यायाम और मेहनत के काम न करें। बहुत अधिक भीड़ वाले स्थान, गर्म घुटन भरे कमरों, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। गर्मी के दिनों में चक्कर, कमजोरी, अत्याधिक प्यास लगने, सिर दर्द, हाथ पैरों में जकड़न होने पर अतिशीघ्र ठंड़े स्थान पर जाकर आराम करें। अगर अस्पताल पहुंचने में देरी हो तो ऐसे मरीज को सीधा लिटाकर पैरों की तरफ से ऊंचा करके ठंडे पानी में कपड़ा भिगोकर शरीर को ढक दें। 5 वर्ष तक के बच्चों, 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों का विशेष ध्यान रखें। गर्मी से बचाव के लिये लोग अपने घरों को ठंड़ा रखें। दिन में घर के दरवाजे एवं खिड़कियां बंद रखें। रात में तापमान कम होने पर दरवाजे खिड़कियां खोलें।

# सयुक्त ब्राह्मण समाज निकालेगा विशाल वाहन रैली



## परशुराम जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

सिहोरा, यशभारत। शिवमंदिर बाबाताल में 22 अप्रैल को परशुराम जयंती महोत्सव उत्साह से मनाने के संबध में सिहोरा के सभी ब्राह्मण समाज संगठनों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने एक जुट होकर निर्णय लिया की सभी आयोजन सयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा के बैनर तले आयोजित होगें।इसमें सबसे पहले वाहन रैली नृसिंह मंदिर से सुबह 8 बजे प्रारम्भ होकर खितौला बाजार, बाबाताल, हरदौल मंदिर, मैना कुंआ,सरावगी मोहल्ला, कालभैरव चौक ,झंडा बाजार,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टेंड से होकर बाबाताल में समाप्त होगी इसके बाद संत श्री सियावल्लभ दास वेदांती जी महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा सुबह 9 बजे शिवमंदिर बाबाताल हरदौल मंदिर से होकर निकलेगी जो शुक्ल जी बखरी में समाप्त होगी वहां भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन एंव आरती होगी। तदपश्चात सभी विप्रजन शिवमंदिर बाबाताल में एकत्र होकर जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह,अतिथियों के उदबोधन सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होगे। इसके बाद महाआरती होगी एंव विशाल भंडारे का आयोजन होगा। सभी विप्रो से सारे आयोजन में शामिल होने की अपील सयुंक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा ने की है।

# सड़क पर चौपाए,बढ़ रहे हादसे



## अनियंत्रित होकर गिर रहे वाहन चालक, जिम्मेदार मौन

**पनागर, यशभारत।** सड़क पर चौपायों के जमावड़े से दो पहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो रहे है। नगर के कमानिया गेट,नगर पालिका के सामने,बस स्टैंड पास,बरौदा चौराहा,बड़े स्कूल बाजार, देवरी तिराहे में दिनभर और शाम ढलते ही आवारा मवेशियों का डेरा देखने को मिल रहा है। भले ही आवारा मवेशियों पर प्रशासनिक तौर पर सख्ती बरते जाने की बात कहीं जा रही है, लेकिन यह कार्रवाई
स्थानीय प्रशासन का हॉका गैग भी नजर नही आ रहे है जिसके चलते रात्रि के दौरान मार्ग से गुजरने में दो पहिया वाहन चालको को हरसंभव हादसे का डर बना रहता है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि नगर पालिका परिषद पनागर के समीप दो पहिया वाहन चालक मवेशी से टकराकर चोटिल होने से बच गये। इस संबंध में लोगों का कहना है कि नगर में आवारा घूमते मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस भेजने के लिए स्थानीय प्रशासन को सकरात्मक कदम उठाने चाहिये

# राजा हृदय शाह के बलिदान दिवस मनाए जाने एव अखिल भारतीय महासभा के निर्देशन पर सामाजिक बैठक का आयोजन..



गोटेगांव, यशभारत। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार रानी अंवती बाई लोधी सामूदायिक भवन नरसिंहपुर में जिला स्तरीय लोधी समाज की बैठक का आयोजन किया गया*बैठक का उद्देश्य 27 एव 28 अप्रैल 2023 को केरपानी बरमान में अमर शहीद राजा हृदय शाह के बलिदान दिवस मनाए जाने की रूपरेखा के साथ जिला कार्यकारिणी गठन हेतु तीनों मोर्चे में वरिष्ठ लोधी समाज अध्यक्ष, महिला लोधी समाज अध्यक्ष, युवा लोधी समाज अध्यक्ष हेतु *तीन-तीन नामों का चयन किया जाना है.जिसमें समाज की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से आगामी निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने हेतु नामों का चयन किया जा सके एवं कार्यक्रम की बहुत सुंदर तरीके से संचालन हेतु रूपरेखा तैयार की जा सके.इस जिला महासभा बैठक के मुख्य अतिथि आदरणीय श्री जालम सिंह जी पटेल राज्य मंत्री एवं विधायक नरसिंहपुर प्रदेश अध्यक्ष लोधी लोधा लोध महासभा मप्र ,आदरणीय श्री देवेन्द्र पटेल जी गुड्डू भईया राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी लोधा लोध किसान महापंचायत एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत नरसिंहपुर, आदरणीय महेश नरवरिया जी भोपाल प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध युवा महासभा ,आदरणीय श्रीओकांर सिंह जी पटेल कार्य जिला कार्यकारी अध्यक्ष ,विरेन्द्रसिंह पटेल वरिष्ठ समाजसेवी, श्री देवराज कश्यप युवा अध्यक्ष नरसिंहपुर श्री राजेन्द्र सिंह जी पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नरसिंहपुर,रायसेन से श्रीमती बर्षा लोधा जिला अध्यक्ष, श्रीमती अर्चना ठाकुर प्रदेश महामंत्री नरसिंहपुर ,श्रीमती जमुना पटेल सक्यि सदस्य बरमान, श्रीमती दुर्गा आर्य सक्यि सदस्य गोटेगांव, श्रीमती मंजूलता मालक लोधी जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर निधान सिंह पटैल जिला उपाध्यक्ष भाजपा नरसिंहपुर राघवेंद्र आर्य जिला प्रभारी पतांजलि के साथ बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं कि उपस्थित रही । बैठक में 28 अप्रैल गौरव दिवस के रुप में मनाया जाएगा जिसमें हमारे जिले के अमर शहीद राजा डेलन शाह ,मेहरबान सिंह जी लोधी ,राजा नरवर शाह , गजराज सिंह जी लोधी आदि कि प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम कि रूप रेखा तैयार कि गयी जिसमें जिले के लोधी समाज के साथ अन्य सभी समाज के सहयोग से सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने घर घर आमंत्रण पत्र पहुचाकर कार्य में सम्मिलित होने अनुरोध किया जायेगा.। बैठक प्रारंभ करने के पूर्व भगवान लोधेश्वर की पूजा अर्चना की गई साथ ही राजा हृदय शाह लोधी वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की गई. तत्पश्चात जालम सिंह पटैल के पुनः लोधी समाज प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनका स्वागत सम्मान किया गया.

# ग्रामीण क्षेत्रों को विधायक ने दी सौगातें

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय शर्मा द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण सम्पन्न किये गये। जिसमें विधायक ने रायपानी में यात्री प्रतीक्षालय चबूतरा निर्माण झमरी मे मुख्य मार्ग से सीमेंट सड़क कामती मे सीमेंट सड़क चबूतरा निर्माण निजोर मे माता मंदिर के पास सीमेंट सड़क मंहगुवा मे शिव मंदिर के पास चबूतरा निर्माण कुंदुआखेड़ा मे सीमेंट सड़क गूजरझिरिया मे स्वागत द्वारा बगदरा मे हनुमान मंदिर के पास चबूतरा खापा मे स्वागत द्वार धौखेड़ा मे नल एवं चबूतरा निर्माण कोड़ी मे चबूतरा निर्माण तथा निवारी मे सीमेंट सड़क की सौगातें अपनी विधायक विकास निधि से प्रदान की गई है।

इस मौके पर संगठन मंत्री संदीप पटेल, अजय गुप्ता दिग्विजय सिंह श्रीमती राजकुमारी कैलाश गुर्जर भोला कहार श्रीमती दयाबाई शिवकुमार मेहरा श्रीमती टिंवकल विनोद चौकसे अभिनव ढिमोले, संजू पटेल, सूर्यकांत लोधी, अजय ओझा , विष्णु गुर्जर , मिस्टर कीर , किशोर गुर्जर , अमोल गुर्जर, के.के. गुर्जर , राहुल कुशवाहा सहित समस्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, मण्डलम एवं सेक्टर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।

# लकी सोनी बने युवा कांग्रेस महासचिव



**कुंडम, यशभारत।** -प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया ग्रामीण अध्यक्ष पारस जैन जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर प्रदेश महासचिव राजेश चौबे सिहोरा विधासभा अध्यक्ष राहुल पांडे की सहमति से लकी सोनी की सक्रियता को देखते हुए युवा कांग्रेस बघराजी का महासचिव लकी सोनी को बनाया गया जिनकी नियुक्ति पर राजेश सोनी मनीष सोनी वेदभान यादव सतीश नामदेव सत्यम बर्मन विपिन जायसवाल आदि कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी।

## बदसूरत लगने लगा शहर

# क्रांक्रीट सड़कों के परखच्चे उड़ने लगे



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव शहर में कुछ वर्षों पहले रौनक रही है वह धीरे धीरे क्रांकीट सड़को की टूट फूट के कारण गोटेगांव शहर ने अपनी रौनक खो दी है।दरअसल एक तो सड़क घटिया मटेरियल के कारण और दूसरी नर्मदा जल लाने खोदी गई सड़क पर अभी तक मरहम नहीं लग पाया है जिसके चलते नगर से कहीं भी किसी भी मोड़ पर जाइये आपको सिर्फ खुदा ही खुदा मिलेगा परन्तु अब शहर ने खुदाई के चक्कर मे अपनी चमक खो दी है।।वस्तुतः नगर की सुंदरता मिटने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है परन्तु इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं जाता है दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन हिचकोले लेते रहते है लेकिन सफर करने वाले राजनीतिज्ञों का ध्यान इस ओर नहीं जाता है फिर सम्बन्धित विभाग भी नगर की उधड़ी हुई राहों की अनदेखी कर उदासीन बना बैठा है ।नगर के निवासियों का कहना है कि नगर के किसी भी वार्ड में या किसी भी मोहल्ले में जाकर देखें आपको सड़को की हालत बदहाल ही मिलेगी।पुरानी गल्ला मंडी,बजरंग वार्ड,पथरहां कुआं,ठाकुर बाबा रोड, किसानी मोहल्ला,भगतराम चौराहा से बैलहाई रोड, मस्जिद से गल्ला मंडी आदि ऐसी गोटेगांव में कई सड़कें टूट फूट गईं हैं जिससे शहर की चमक गायब हो गई है जनप्रतिनिधि इस ओर कब ध्यान देंगे कुछ कहा नही जा सकता है शासन प्रशासन से इस ओर शीघ्र ही ध्यान देने नगरवासियों ने मांग की है।हर मोहल्ले की हर कुलिया और सारे शहर की सड़कें कई वर्षों से खुदी पड़ी हुई अपनी बर्बादी पर आंसू बहा रही है मगर सड़कों की बर्बादी के आंसू पोंछने वाला कोई जनप्रतिनिधि अभी तक आगे नहीं आया है आने वाले चुनाव में जनता इसका करारा जबाब देने अपना मन बना चुकी है।

# विद्यावान के साथ बुद्धिमान बनाए बच्चों को- मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज



**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** जिसने नीतिशास्त्रों के अध्ययन से राजनीतिज्ञान और नम्रता प्राप्त की है उसे बुद्धिमान कहते है । जिसकी बुद्धि नीतिशास्त्र के अध्ययन से विशुद्ध है वह बुद्धिमान है परंतु जो नीतिशास्त्र के ज्ञान से शून्य केवल शूरवीर है वह नष्ट हो जाता है अपने राज्य को खो बैठता है ॥
बुद्धिमान वह है जो राजनीति , समाज , और धर्म का ज्ञान रखते है जो विद्या को प्राप्त करके विनीत मति वाला हो वह बुद्धिमान होता है विद्या बाहर की वस्तु है जिसे बुद्धि ग्रहण करती है और जो बुद्धि विनीत होती है वह बुद्धिमान कहलाती है अहंकारी व्यक्ति विद्यावान तो हो सकता है किंतु बुद्धिमान नहीं जिसके पास विनम्रता है मानवता भी उससी के पास होती है । वर्तमान शिक्षा प्रणाली मैं मानवता की शिक्षा नहीं दी जाती किन्तु कोर्श पूरा किया जाता है । उनकी बुद्धि का समग्र विकास नहीं हो पता इसलिए वह बुद्धिमान , मृदु और विनयी नहीं बन पाते ।उक्त उद्गगार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए ।ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है ।

# नेशनल लोक अदालत विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं बैंक अधिकारी के साथ बैठक का आयोजन



**गाडरवारा(यशभारत)।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण , जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर श्री एम 0 के 0 शर्मा के निर्देशन में एवं तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष माननीय श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में दिनांक 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में आज दिनांक 18.04.2023 को ए 0 डी 0 आर 0 सेंटर भवन गाडरवारा में नगरपालिका , वन विभाग , पुलिस विभाग , समस्त ए 0 डी 0 पी 0 ओ 0 . पुलिस परामर्श एवं बैंक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई । बैठक में नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई तथा उपस्थित अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण समझौते के आधार पर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट के संबंध में व्यापक प्रचार - प्रसार किये जाने हेतु एवं अधिक से अधिक सूचना पत्र जारी किये जाने , तामील कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । उक्त बैठक में श्री अनिल चौधरी एडीपीओ श्री आनंद कुमार कौरव नगरपालिका , श्री राजेन्द्र शर्मा वनपाल , श्री कमलकांत नौरिया बैंक ऑफ इंडिया , श्री श्यामनंदन कुमार एस 0 बी 0 आई 0 . श्री अमित कुमार चौरसिया , श्री मुकेश कुमार पाण्डेय केनरा बैंक , श्री देवीचरण एग्रीकलचर ऑफीसर , श्री धर्मेंद्र सिंह राजपूत पीएनबी गाडरवारा उपस्थिति रहें ।

# नाला और नालियों पर अतिक्रमण सफाई में बाधक

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव शहर के प्रत्येक वार्डों में और नगर के कुलियों में बहते नाला और नालियों पर बहुत ही ज्यादा अतिक्रमण जनता द्वारा कर लिया गया है।जिससे साफ सफाई व्यवस्था लड़खड़ा गई है सफाई कर्मचारियों को इन अतिक्रमण के चलते सफाई करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है फिर भी सफाई नहीं हो पाती ऐसे में यह भी देखा जा रहा है कि बरसात का मौसम आने वाला है जिसके चलते जल प्लावन की स्थिति बन सकती है।नाला और नालियों पर शहर के निवासियों ने कहीं दासां,तो कहीं फाउंडेशन,तो कहीं नालियां ही बन्द कर दी गई है समय रहते यदि नालियां और नाला नही खुल पाए तो बारिश के मौसम में जल भराव से इनकार नहीं किया जा सकता है।और यह यह ऐसा अतिक्रमण जो पक्का बना लिया गया है।यह विषय कई वर्षों से नगर में जनचर्चा का विषय बना हुआ है।शासन से नागरिकों ने नाला नालियों पर किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को समाप्त कर शहर को साफ और स्वच्छ बनाने की मांग की है।



# खितौला में भाजयुमो ने लगाई युवा चौपाल

सिहोरा, यशभारत। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन सिहोरा के खितौला में नंदनी मरावी विधायक सिहोरा के मुख्य आतिथ्य, युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा देवी सिंह,प्रदेश मंत्री कुलदीप राठौर,जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल की उपस्थिति में किया गया। युवा चौपाल का आयोजन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रचित चौरसिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की भाजयुमो के कार्यकर्ता प्रदेश एंव केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने के साथ भाजपा को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आयूष सेठी, मंत्री पलाश दुबे,पंकज तिवारी,मनीष मोती श्रीपाल,अंकित जैन,लालू यादव,अमन गुप्ता, सृजल करारिया,अर्पित,रमन यादव,अमित कोल,रमन चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

